# ट्रेन से कटा युवक, 2 घंटे पड़ा रहा शव

- रेलवे ट्रैक पर पड़े शव के ऊपर से गुजरी कई ट्रेनें
- मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त

अदनान खान

**सलामतपुर, 25 अप्रैल. सलामतपुर रेलवे स्टेशन के पास घोड़ापछाड़ से लांबाखेड़ा रेल्वे लाइन के बीच शुक्रवार देररात मानवता को शर्मसार करने वाला घटनाक्रम देखने को मिला. एक युवक की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, लेकिन उसका शव लगभग दो घंटों तक रेलवे लाइन के बीच में पड़ा रहता है और उसके ऊपर से कई ट्रेनें गुजरती जाती हैं.**



जिम्मेदार रेलवे कर्मचारियों की नजर युवक के शव पर पड़ने के बाद भी रेलवे लाइन के बीच से नही हटाया गया और पुलिस के आने का इंतजार करते रहे. जिसकी वजह से युवक के शव के ऊपर से कई ट्रेनें गुजर गई. सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि शुक्रवार रात सलामतपुर स्टेशन मास्टर ने मेमो भेजकर सूचना दी थी कि घोड़ापछाड़ से लांबाखेड़ा के बीच डाउन ट्रेक रेलवे लाइन पर किसी युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है. स्टेशन मास्टर को मालवा एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने रेलवे लाइन के बीच शव पड़े होने की सूचना दी थी. जानकारी मिलते ही तत्काल एएसआई राजेश यादव, आरक्षक राहुल रघुवंशी और थाना मोबाइल चालक मूरत सिंह मौके पर पहुंचे और शव को सांची स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भेजा. 15 घंटे बाद भी शिनाख्त नही होने पर शनिवार दोपहर 1 बजे शव का पोस्टमार्टम किया गया. पुलिस ने मर्ग दर्जकर मामला जांच में लिया है.

ट्रेन की चपेट में आने से जिस व्यक्ति की मौत हुई है,उसकी उम्र करीब 45 से 50 साल है.

उसके पास से कोई भी ऐसा डॉक्यूमेंट नही मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके. अभी यह भी पता नही चला है कि युवक ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या की है या ट्रेन से गिरकर या टकराकर उसकी मौत हुई है. पुलिस का कहना है कि इस घटना की विवेचना के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा.

> **स्टेशन पर नहीं रहते आरपीएफ, जीआरपी के जवान**
>
> सलामतपुर स्टेशन पर रेलवे पुलिस के आरपीएफ या जीआरपी के जवान मौजूद नहीं रहते हैं. जबकि यह स्टेशन दिल्ली-मुंबई मेन रेलवे ट्रेक के बीच में पड़ने वाला स्टेशन है. यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. जब कभी कोई ट्रेन से कट जाता है या आत्महत्या कर लेता है तो रेलवे पुलिस भोपाल या विदिशा से आती है. जिसमें काफी समय लग जाता है. कई घंटों तक समय तक शव रेलवे लाइन पर ही पड़ा रहता है.

# डंपर की टक्कर से एक की मौत

## बाइक से जा रहे थे, महिला और बालक को रायसेन रेफर किया

- बेगमगंज-सुल्तानगंज रोड पर हुआ हादसा

**बेगमगंज , 25 अप्रैल. बेगमगंज-सुल्तानगंज रोड पर तुलसीपार के पास कॉन्वेंट स्कूल के सामने एक अज्ञात डंफर चालक द्वारा बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. बाइक पर बैठे दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें रायसेन जिला अस्पताल रेफर कर दिया.**



पुलिस के अनुसार सागर जिले की खुरई तहसील के ग्राम विनयका निवासी शिव सिंह आदिवासी (28) बाइक से परिवार की सदस्य राधारानी (50) एवं अंश (14) के साथ शादी में शामिल होने सुल्तानगंज तरफ जा रहे थे. इस दौरान एक अज्ञात डंपर से भीषण भिड़ंत हो गई. हादसे में शिवसिंह आदिवासी की मौके पर मौत हो गई. जबकि राधारानी एवं लड़का अंश गंभीर रूप से घायल हो गए. डायल 112 से पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और उन्हें एंबुलेंस से लेकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया. चश्मदीद एक राहगीर ने बताया कि एक तेज रफ्तार डंपर उन्हें रौंदता हुआ तेजी से निकल गया था. अंश और राधा रानी के चेहरे और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं. पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# निजी भूमि से किया जा रहा अवैध उत्खनन

- शिकायत के बाद भी नहीं की जा रही कार्रवाई

**चंदला, 25 अप्रैल. चंदला तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजारी के ग्राम पतीपुरुवा में निर्माणाधीन सड़क कार्य में बड़ी अनियमितता का मामला सामने आया है. 2.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 222.1 लाख रुपये की लागत से संगम कन्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया गया है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान नियमों को ताक पर रखकर निजी भूमियों से धड़ल्ले से मिट्टी का अवैध उत्खनन किया गया है**. अधिकारियों को अवगत कराने पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, इस कारण प्रशासनिक अधिकारी सवालों के घेरे में हैं. सवाल उठ रहा है कि क्या अधिकारियों को मिलीभगत है.



ग्रामीणों के अनुसार, कंपनी द्वारा किसानों के खेतों से बिना अनुमति लगभग 6 फीट गहराई तक जेसीबी से खुदाई कर मिट्टी निकाली गई है. 2 जेसीबी मशीनों और दर्जनों ट्रैक्टरों के जरिए तेजी से खनन कार्य किया गया है. मामले की शिकायत जब चंदला तहसीलदार नारायण कोरी से की गई, तो उन्होंने पटवारी को भेजने की बात कही. लेकिन कुछ समय बाद हल्का पटवारी ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि 'गाड़ी नहीं है, पुलिस व्यवस्था होगी, तभी मौके पर पहुंच पाएंगे. 'ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि तहसीलदार और पटवारी द्वारा ठेकेदार को पहले ही सूचना दे दी गई थी कि प्रशासन मौके पर आने वाला है. इसके बाद ठेकेदार ने आनन-फानन में जेसीबी मशीनें और ट्रैक्टर हटवा दिए, जिससे मौके पर कोई साक्ष्य न मिल सके. वीडियो फोटो के साक्ष्य भी मौजूद है. सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से भी शिकायत की गई है. लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई.

> आपने मुझे जानकारी दी है. हम रविवार या सोमवार को जांच करते हैं कार्रवाई की जाएगी.
>
> **- आयुष जैन,** एसडीएम लवकुशनगर

## स्वास्थ्य शिविर में हुआ 86 बंदियों का परीक्षण

**बेगमगंज, 25 अप्रैल.** प्रदेश भर के समस्त जेल में बंदियों एवं कैदियों के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया. बेगमगंज उपजेल में विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सविता ओगले की मौजूदगी में न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा द्वारा शिविर का वर्चुअल शुभारंभ सुबह 9 बजे किया गया.

उपजेल में 86 विचाराधीन बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. नितिन सिंह तोमर , डॉ. चंद्रमोहन गुर्जर एवं डॉ.राजू साहू द्वारा किया गया.दवाएं भी उपलब्ध कराई गई. एक बंदी के पांव में गंभीर चोट होने के कारण उसे जिला चिकित्सालय रायसेन रेफर किया गया. इस अवसर पर पैनल लॉयर पीड़ी नेमा एडवोकेट, हेमराज राठौर एडवोकेट , उपजेलर कमलकिशोर कोली मौजूद थे.

# किसानों का चक्काजाम, 1 घंटा बंद रहा मार्ग

- खरीदी अव्यवस्थाओं को लेकर किया प्रदर्शन

**सिलवानी, 25 अप्रैल. समर्थन मूल्य पर गेहूं चना और मसूर खरीदी में अव्यवस्थाओं से नाराज किसानों ने शनिवार को स्टेट हाईवे-15 सिलवानी-बरेली मार्ग पर चक्काजाम कर दिया. किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले सैकड़ों किसान कृषि उपज मंडी के सामने सड़क पर बैठ गए और करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा.**



दोपहर 4 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन शाम 5 बजे तक चला, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. किसानों ने आरोप लगाया कि सिलवानी तहसील में केवल 10 वेयरहाउस को ही खरीदी केंद्र बनाया गया है, जबकि शेष वेयरहाउस खाली पड़े हैं. किसानों की मांग है कि सभी उपलब्ध वेयरहाउस को तत्काल खरीदी केंद्र घोषित किया जाए ताकि समय पर तुलाई हो सके और उपज खराब न हो. किसानों ने यह भी बताया कि स्लॉट बुकिंग के दौरान रकबे का सैटेलाइट सत्यापन गलत दिखाया जा रहा है, जिससे उन्हें स्लॉट नहीं मिल पा रहा. इसके अलावा चना और मसूर खरीदी केंद्र अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. प्रदर्शनकारियों ने स्लॉट बुकिंग की सीमा बढ़ाकर 2000 क्विंटल प्रतिदिन करने, तुलाई व्यवस्था सुधारने सर्वर समस्याओं को दूर करने और उपज के सुरक्षित भंडारण की मांग उठाई. किसानों का कहना है कि फसल खुले में पड़ी खराब हो रही है जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है. किसान मजदूर महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष रूप बसंत रघुवंशी के नेतृत्व में किसानों ने चक्का जाम किया.

> अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हर्षल चौधरी, तहसीलदार सहित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त कराया. हालांकि किसानों ने पूर्व में दिए गए ज्ञापन में चेतावनी दी कि यदि 27 अप्रैल तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 28 अप्रैल को बिना सूचना उग्र आंदोलन किया जायेगा. एसडीएम के आश्वासन के बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त किया लेकिन साफ कर दिया कि समय सीमा में निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा. प्रदर्शन में मनमोहन सिंह रघुवंशी, भारत पटेल, कृष्ण कुमार रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, मुन्ना करेले सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.

## एक नजर में

### स्काउट-गाइड गतिविधियों से सेवा का संदेश

**सिलवानी, 25 अप्रैल.** पीएम श्री कन्या विद्यालय में भारत स्काउट-गाइड के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर छात्राओं को सामाजिक सेवा और अनुशासन का संदेश दिया गया. कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने सेवा भावना के साथ पशु-पक्षियों को दाना-पानी उपलब्ध कराया, वृक्षों की साफ-सफाई की तथा विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई. स्काउट-गाइड दल की प्रभारी शिक्षिका रीता धुर्वे के निर्देशन में ये गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जाती हैं. इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं में सेवा, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है. इस अवसर पर शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण और अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. साथ ही, सामाजिक सेवा के मूल्यों को जीवन में उतारने के लिए भी प्रेरित करती हैं.



### द्वितीय परीक्षा के आवेदन की आज अंतिम तिथि

**रायसेन, 25 अप्रैल .** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने गुरुवार को विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है. वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा के लिए विद्यार्थी 26 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 26 अप्रैल तक हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा के आवेदन कर सकते हैं. शेष नियम-निर्देश पूर्ववत रहेंगे.

# उचित मूल्य दुकान पर महंगा मिल रहा नमक

- नदौता ग्राम पंचायत का मामला, जांच की मांग

**चंदला, 25 अप्रैल. सरवई तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नदौता की शासकीय उचित मूल्य की दुकान एक बार फिर अनियमितताओं को लेकर चर्चा में है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दुकान पर नमक निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेचकर गरीब उपभोक्ताओं से अवैध वसूली की जा रही है.**

बताया जा रहा है कि बीते माह यहां के सेल्समैन द्वारा किए गए कथित घोटाले के बाद तहसीलदार, फूड इंस्पेक्टर एवं एसडीएम द्वारा निरीक्षण किया गया था. जांच के दौरान सेल्समैन के गायब रहने और गड़बड़ी की पुष्टि होने पर उसे हटा दिया गया था. साथ ही समिति प्रबंधक घमंड सिंह को निर्देश दिए गए थे कि सभी हितग्राहियों को शेष राशन का पूर्ण वितरण सुनिश्चित किया जाए. इसके बावजूद हालात में सुधार नहीं दिख रहा है. कई ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पिछले दो माह का राशन




अब तक नहीं मिला है. उनका आरोप है कि पुराने शेष राशन के बजाय केवल नया राशन दिया जा रहा है, जिससे वे अपने हक से वंचित हो रहे हैं. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि दुकान संचालन के लिए प्राइवेट कर्मचारियों को लगाया गया है, जो नमक की बिक्री में मनमानी कर रहे हैं. उपभोक्ताओं के अनुसार, एक पैकेट नमक के लिए 5 रुपए वसूले जा रहे हैं. इस हिसाब से 4 पैकेट लेने पर 20 रुपए और 2 पैकेट पर 10 रुपए लिए जा रहे हैं, जो निर्धारित दर से अधिक है.

> जब इस संबंध में वितरण कर रहे कर्मचारी से बात की गई, तो उसने कहा कि पेट्रोल खर्च निकालने के लिए इस प्रकार राशि ली जा रही है. वहीं समिति प्रबंधक घमंड सिंह ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि नमक 1 रुपए प्रति पैकेट की दर से ही दिया जा रहा है. अब सवाल यह उठ रहा है कि पूर्व में हुई जांच और कार्रवाई के बाद भी अनियमितताएं क्यों जारी हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए.

## अपहृत नाबालिग बालक बरामद

**रायसेन, 25 अप्रैल.** रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के मार्गदर्शन एवं एस.डी.ओ.पी. शीला सुराणा के नेतृत्व में थाना मंडीदीप पुलिस द्वारा नाबालिगों की दस्तयाबी हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में मंडीदीप पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है.

24 अप्रैल को 70 वर्षीय फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके नाबालिग बालक को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है. मंडीदीप में थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मंडीदीप पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की गई. पुलिस की सतत मेहनत, सूझबूझ एवं प्रभावी कार्रवाई के फलस्वरूप 24 अप्रैल को ही नाबालिग बालक को पुलिस ने सकुशल दस्तयाब किया गया. उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंजीत सराठे एवं उप निरीक्षक वरुण कुमार सक्सेना की विशेष सराहनीय भूमिका रही.

# युवा संगम मेला में 65 युवाओं का चयन



**सिलवानी, 25 अप्रैल. जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ने सिलवानी विकासखंड के बम्होरी स्थित पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन गया.**

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई और आजीविका मिशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस युवा संगम कार्यक्रम में कई कंपनियां शामिल हुईं. इस मेले में यशस्वी ग्रुप भोपाल, पुखराज हेल्थ केयर, होम हेल्प सेंटर, आईपीएस भोपाल, वर्ल्ड क्लास सर्विस भोपाल, सागर ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड तामोट, टेस्ला ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड, परिवर्तन ग्रुप भोपाल, क्रेडिट एक्सेस, पुखराज हेल्थ केयर भोपाल सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा मापदंड अनुसार हितग्राहियों का चयन किया गया. मेले में 167 पंजीयन हुए तथा 65 हितग्राहियों का प्राथमिक चयन किया गया. इस अवसर पर जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता, प्रबंधक दीपशिखा, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

**धार्मिक आयोजन** श्री हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ प्रारंभ, पहले दिन कलश यात्रा निकली

# जहां भक्ति होती है, वहां भगवान का वास होता है : शास्त्री

**बेगमगंज ,25 अप्रैल. सागर रोड स्थित जगदीश पुरी कॉलोनी में गोकुलदास तरी वाले राम रसिया सरकार की पुनस्थार्पना के उपलक्ष्य में श्रीराम महायज्ञ हनुमंत प्रतिष्ठा एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया गया. पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग से होते हुए जगदीशपुरी कॉलोनी पहुंची.**

रास्ते में लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा का कलश यात्रा का स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था की. कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया. यज्ञ आचार्य एवं कथा व्यास पंडित कमलेश



कृष्ण शास्त्री महाराज के सान्निध्य में निकली इस कलश यात्रा में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला.

कथा मेंपंडित कमलेश कृष्ण शास्त्री ने अपने प्रवचनों में कहा कि कलश यात्रा हर शुभ कार्य के दिव्य प्रारंभ का प्रतीक है. यह हमें सिखाती है कि जीवन में हर कार्य प्रभु के स्मरण से ही सफल होता है.जहां भक्ति होती है, वहां स्वयं भगवान का वास होता है.

उन्होंने कहा कि मनुष्य का वास्तविक सौन्दर्य न तो उसके बाह्य रूप में होता है, न ही पद और प्रतिष्ठा में. वह उसकी वाणी, विचार और व्यवहार में प्रकट होता है. उन्होंने कहा कि जब स्वभाव में विनम्रता हो, वाणी में माधुर्य हो और व्यवहार में सरलता हो, तब व्यक्ति न केवल आत्मिक रूप से स्थिर होता है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन जाता है.

शास्त्री जी ने कहा कि आज की तेज गति वाली जीवनशैली में परिस्थितियां प्राय: हमें आवेश और आक्रोश की ओर ढकेल देती हैं. परन्तु यही क्षण हमारे आत्म-संयम की परीक्षा भी होते हैं. यदि हम इन क्षणों में भी अपने भीतर की शान्ति और संतुलन को बनाए रखें, तो हमारा आध्यात्मिक स्वभाव उज्ज्वल होता है.

> शास्त्री जी ने कहा कि आक्रामक शब्द, अमर्यादित व्यवहार और विकृत भाव-भंगिमाएं हमारे व्यक्तित्व को क्षीण कर देती हैं. इसके विपरीत, विनम्रता, आत्म-संयम और मधुर संवाद से हमारे आचार में गरिमा और विचारों में गहराई आती है. व्यक्ति का सामाजिक सम्मान उसके व्यवहार से उपजता है. उच्च विचार, सात्विक दृष्टिकोण और सरल जीवन ही उसे लोक में प्रतिष्ठा प्रदान करते हैं. यह मत भूलिए कि प्रकृति हमें देख रही है. कथा दोपहर 3 :00 से 6 :00 बजे तक होगी. समिति ने उपस्थित होने की अपील की है.

# सत्य के मार्ग पर चलने से धन्य हो जाता है जीवन

- पंडित शास्त्री ने सुनाई राजा हरिश्चंद्र की कथा

**उदयपुरा, 25 अप्रैल. निकटवर्ती ग्राम रहली मेंध्रुव सिंह राजपूत एवं समस्त मोरी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के अंतिम दिन पंडित कैलाश शास्त्री ने राजा हरिश्चंद्र के जीवन से परिचय कराया. उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य राजा हरिश्चंद्र की तरहा सत्य और धर्म के मार्ग पर चले तो उसका जीवन धन्य हो जाएगा.**

उन्होंने कहा कि एक बार विश्वामित्र ने यह देखने के लिए कि क्या हरिश्चंद्र वास्तव में सत्यवादी हैं, उनकी परीक्षा लेने का निश्चय किया. उन्होंने राजा से



सपने में आकर दान मांगा. हरिश्चंद्र ने उत्तर दिया कि वह जो भी मांगेंगे देंगे. हरिश्चंद्र जब जागे तो विश्वामित्र सामने आए और दान की मांग की. राजा ने अपना पूरा राज्य दान में दे दिया. राजा अपनी पत्नी तारा और पुत्र रोहित को लेकर वन की ओर निकल पड़े. इसके बाद राजा ने काशी पहुंचकर एक श्मशान में काम किया. जहां वे मृतकों की अंत्येष्टि का कर वसूलते थे. तारा ने एक घर में जाकर दासी का कार्य किया कुछ समय बाद रोहित की मृत्यु सांप के काटने से हो गई. उसकी माता रोहित को लेकर शमशान पहुंची. जब हरिश्चंद्र ने कर मांगा तो तारा ने कहा उसके पास कुछ नहीं है. हरिश्चंद्र ने नियमों का पालन करते हुए अंत्येष्टि की अनुमति देने से मना कर दिया, यह जानते हुए भी कि वह पत्नी है यह मृत शरीर पुत्र है. इस पर तारा ने अपने केस गिरवी रखने की बात कही. यह सब देख देवी देवताओं ने प्रकट होकर राजा की परीक्षा खत्म करने की घोषणा की. विश्वामित्र ने कहा कि राजा हरिश्चंद्र ने अपनी कठिन परीक्षा में भी ईमानदारी और सच्चाई का परिचय दिया. उनका त्याग साहस और सत्य निष्ठा देखकर देवता प्रसन्न हो गए. उन्हें उनका राज्य लौटा दिया.उनके पुत्र रोहित को भी जीवित कर दिया.